दिनांक 31.05.2021 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भैंस खटाल की गंदगी नहर में फैलाया, निगम की टीम ने लगाया जुर्माना

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र अंतर्गत गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। निगम की टीम गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही कर रही है। वार्ड 19 शास्त्रीनगर क्षेत्र में कुछ भैंस खटाल संचालक के द्वारा खटाल के गोबर व गंदगी को नहर में बहाकर गंदगी फैलाया जा रहा था उन पर कार्यवाही करते हुए 4 खटाल संचालकों से अर्थदंड वसूला गया! दोबारा ऐसा न करने की समझाइश दिया गया ! अन्यथा ऐसा करते पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। जोन आयुक्त पूजा पिल्ले के निर्देश पर गंदगी फैलाने वालों से जोन के स्वास्थ्य अमले ने 4 स्थानों से 7000 हजार रूपए का चालान काटा। जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वच्छता अभियान के तहत वार्डों में सफाई व्यवस्था का जायजा ले रही थी! निरीक्षण के दौरान वार्ड 19 शास्त्रीनगर पहुंचे जहां भैंस खटाल संचालकों द्वारा खटाल के गोबर व अन्य गंदगी को नाली में बहाये जाने तथा तालाब में गंदगी फैलाते हुए पाए जाने पर दंडात्मक कार्यवाही किए! उल्लेखनीय है कि वार्ड के नागरिकों ने खटाल संचालकों द्वारा तालाब में गंदगी फैलाये जाने की शिकायत भी की थी , नहर नाली में गोबर बहाए जाने पर जल स्रोत का पानी गंदा हो रहा था , जिसके कारण वार्ड के लोगों को नहाने धोने व निस्तारी के लिए भी समस्या होने लगी थी। जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा की टीम ने मौके पर ही अर्थदंड वसूलने की कार्यवाही किए। निगम की टीम ने जोन 02 क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 19 शास्त्री नगर के इंदरमन यादव से 2000 रूपए, मनोज यादव से 1000 रूपए, अजय यादव से 2000 रूपए, अमनदीप सिंह से 2000 रूपए सहित 4 खटाल संचालकों से खटाल का गंदगी फैलाने पर कुल 7000 रूपए अर्थदंड वसूलने की कार्यवाही किए।